PRINCE ACADEMY
OF HIGHER EDUCATION
[Co-edu. Sr. Sec. School, Affiliated to CBSE, Affiliation No. - 1730387]
Palwas Road, Near Jaipur - Bikaner Bypass Crossing, SIKAR - 332001 (Raj.) INDIA
Mob. : 9610-75-2222, 9610-76-2222
www.princeeduhub.com | E-mail : princeacademy31@gmail.com

# SAMPLE PAPER - II : 2025-26
## CLASS - X
## HINDI COURSE A (002)

**Time : 03 Hours** | **M. M. : 80**

सामान्य निर्देश :–

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
2. इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं – अ, ब, स, द
3. खंड 'अ' में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है।
4. खंड 'ब' में कुल प्रश्न 4 हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. खंड 'स' में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 21 है।
6. खंड 'द' में कुल 4 प्रश्न है, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।
7. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

### खंड 'अ' अंक : 14
### (अपठित बोध)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए: 7**

पुरुष और स्त्री एक–दूसरे के पूरक हैं। नर के बिना नारी का जीवन अधूरा है तथा नारी के बिना नर के अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती। इसमें संदेह नहीं है कि सृष्टि के अस्तित्व के लिए दोनों का ही होना अनिवार्य है।

प्राचीन भारत के इतिहास में नारियों की गौरवमयी गाथाँए भरी पड़ी हैं। हमारे प्राचीन ग्रंथों का कथन है 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता।' यहाँ पूजा से तात्पर्य नारी की मान–मर्यादा और अधिकारों की रक्षा करने से है। प्राचीन काल में नारी को लक्ष्मी और गृह–देवी के नाम से संबोधित किया जाता था। पुरुष के समान ही उन्हें भी शिक्षा मिलती थी। जीवन के बड़े–से–बड़े धार्मिक अनुष्ठान उनके बिना पूरे नहीं होते थे। देवासुर संग्राम में कैकेयी के अद्वितीय कौशल को देखकर दशरथ भी चकित रह गए थे। मैत्रेयी, शकुंतला, अनुसूया, दमयंती, सावित्री आदि स्त्रियाँ भी अपने आप में स्वयंसिद्ध उदाहरण हैं। समय परिवर्तनशील है।

आज के समय में भारतीय समाज लड़की की अपेक्षा लडके को अधिक महत्त्व देता है। ईश्वर ने पुरुष को नारी की अपेक्षा अधिक शक्ति प्रदान की है। वह स्वयं को नारी का संरक्षक मानता है। पुरुष प्रायः धन का अर्जन करता है तथा नारी घर का दायित्व सँभालती है। वर्तमान युग में भी पुरुष को नारी की अपेक्षा अधिक स्वतंत्रता प्राप्त है। भारत में ही नहीं अपितु विश्व के विकसित देशों में भी नारी की स्थिति दयनीय है। इसके पीछे कारण यह है कि उन देशों में नारी धन कमाने घर से बाहर निकलती है। बाहर निकलने का परिणाम यह होता है कि उसको पुरूषों के अहम् से पग–पग पर जूझना पडता है। हमारा समाज पुरूष प्रधान है। यहाँ जो भी नियम बनाए जाते हैं वे पुरुषों के द्वारा बनाए जाते हैं। अतः यह कैसे संभव होगा कि

वे अपने विरुद्ध नियम बनाएँ। नारी उत्थान और पतन के पीछे भी पुरुष का ही हाथ होता है। नारी से संबंधित जो भी प्रश्न उठाए जाते हैं वे प्रायः पुरुष वर्ग से ही उठते हैं। अतः नारी की हमारे समाज में क्या स्थिति है यह स्वयं ही परिभाषित है। भारत के गाँवों में आज भी स्त्रियों को पिता, पति अथवा पुत्र के अधीन रहना पड़ता है। ग्रामीण स्त्रियाँ प्रायः तंगी का शिकार होती हैं। उनके स्वास्थ्य और शिक्षा के विषयों पर भी अधिक ध्यान नहीं दिया जाता।

(i) 'नारी के अधिकारों की रक्षा करना ही वास्तविक अर्थ में पूजा करना कहलाता है'—इस कथन के पक्ष में निम्नलिखित में से कौन–सा/कौन–से तर्क सही हैं? 1

(1) जहाँ नारी को सम्मान नहीं मिलता, वहाँ देवता भी निवास नहीं करते हैं।

(2) नारी की मान–मर्यादा की रक्षा करना ही सही मायने में पूजा करना है।

(3) लक्ष्मी जी की पूजा करना ही सच्चे अर्थ में भक्ति करना है।

(4) ईश्वर ने नारी को पुरुष की अपेक्षा अधिक शक्ति प्रदान की है।

विकल्प :

(अ) कथन 1 सही है। (ब) कथन 2 सही है।

(स) कथन 2 और 3 सही हैं। (द) कथन 1 और 2 सही है।

(ii) 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता' इस कथन का क्या अर्थ है? 1

(अ) देवताओं की पूजा करनी चाहिए।

(ब) जहाँ स्त्रियों की पूजा होती है, वहाँ धन की वर्षा होती है।

(स) जहाँ नारियों का सम्मान होता है, वहाँ देवता निवास करते हैं।

(द) नारियों को पूजा के योग्य नहीं समझा जाता।

(iii) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए– 1

**कथन (A) :** पुरुष स्वयं को नारी का संरक्षक मानता है।

**कारण (R) :** समाज के पुरुष प्रधान होने के कारण यहाँ जो भी नियम बनाए जाते हैं, वे पुरुषों द्वारा बनाए जाते हैं।

(अ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(स) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(द) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(iv) सृष्टि के अस्तित्व के लिए क्या आवश्यक है और क्यों? 2

(v) पुरुष स्वयं को नारी का संरक्षक क्यों मानता है? 2

**2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए 7**

चिलचिलाती धूप को जो चाँदनी देवें बना।
काम पड़ने पर करें जो शेर का भी सामना।।
जो कि हँस–हँस के चबा लेते हैं लोहे का चना।
"है कठिन कुछ भी नहीं" जिनके है जी में यह ठना।।
कोस कितने ही चलें पर वे कभी थकते नहीं।
कौन–सी है गाँठ जिसको खोल वे सकते नहीं।।
ठीकरी को वे बना देते हैं सोने की डली।
रेग को करके दिखा देते हैं वे सुन्दर खली।।

वे बबूलों में लगा देते हैं चंपे की कली।
काक को भी वे सिखा देते हैं कोकिल काकली।।
ऊसरों में हैं खिला देते अनूठे वे कमल।
वे लगा देते हैं उकते काठ में भी फूल–फल।।
काम को आरंभ करके यों नहीं जो छोड़ते।
सामना करके नहीं जो भूल कर मुँह मोड़ते।।
जो गगन के फूल बातों से वृथा नहीं तोड़ते।
संपदा मन से करोड़ों की नहीं जो जोड़ते।।
बन गया हीरा उन्हीं के हाथ से है कारबन।
काँच को करके दिखा देते हैं वे उज्ज्वल रतन।।

(i) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए– 1

**कथन (A) :** कर्मवीरों के लिए कुछ भी असंभव नहीं है।

**कारण (R) :** मनुष्य को किसी भी परिस्थिति में कर्म से मुँह नहीं मोड़ना चाहिए।

(अ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(स) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(द) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(ii) 'लोहे के चने चबाना' मुहावरे का अर्थ होगा– 1

(अ) लोहे के चने खाना
(ब) मुँह मोड़ना
(ब) चनों को लोहे से दबाना
(द) कठिन परिश्रम करना

(iii) काव्यांश में कर्मवीर किसे कहा गया है? 1

(1) विघ्नों से लड़ने वाले को
(2) बाधाओं को दूर करने वाले को
(3) काम को आरंभ कर उसे पूरा करने वाले को
(4) मुसीबतों से दूर भागने वाले को

विकल्प :

(अ) कथन 2 सही है।
(ब) कचन 1, 2 व 3 सही हैं।
(स) कथन 1, 2 व 4 सही हैं।
(द) कथन 1, 2, 3 व 4 सही है।

(iv) काव्यांश के अनुसार कर्मवीर की क्या पहचान बताई है? 2

(v) काव्यांश में कवि किससे दूर रहने को कह रहा है और क्यों? 2

**3. निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए** $4 \times 1 = 4$

(i) सुनकर सब हताश हो गए और झुँझलाने लगे हैं। (सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए)
(ii) ऐसा व्यवहार न करो कि हमें आपको रोकना पड़े। (रचना के आधार पर वाक्य का प्रकार बताइए)
(iii) मनु के एक इशारे पर लड़कियाँ कक्षा से बाहर निकलकर नारे लगाने लगीं। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)
(iv) सबसे बड़ी बात यह है <u>कि काशी के पास उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ जैसा नायाब हीरा रहा है।</u> (रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए)
(v) मैंने एक दुबले – पतले व्यक्ति को देखा। (मिश्र वाक्य में परिवर्तित कीजिए)

**4. निर्देशानुसार वाच्य पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए** $4 \times 1 = 4$

(i) मुझसे अब चला नहीं जाता। (कर्तृवाच्य में परिवर्तित कीजिए)
(ii) देशभक्तों की शहादत को आज भी याद किया जाता है। (कर्तृवाच्य में बदलिए)
(iii) मई महीने में शीला अग्रवाल को कॉलेज वालों ने नोटिस थमा दिया। (कर्मवाच्य में बदलिए)
(iv) दर्द के कारण वह खड़ा ही नहीं हुआ। (भाववाच्य में बदलिए)
(v) राम द्वारा ज्ञान का उपदेश दिया गया। (वाच्य पहचानकर भेद बताइए)

5. **निर्देशानुसार पद परिचय पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद– परिचय लिखिए** $4\times1=4$

(i) आजकल <u>प्रदूषण</u> तेजी से फैल रहा है।

(ii) वक्त काटने के लिए खीरे <u>खरीदे होंगे</u>।

(iii) यह उपहार <u>उसे</u> ही देना।

(iv) कुछ लोग <u>पाँचवी</u> मंजिल पर गए हैं।

(v) <u>वह</u> आजकल स्वतंत्र लेखन कर रहा है।

6. **निर्देशानुसार अलंकार पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों की काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए–** $4\times1=4$

(i) खिला हो ज्यों बिजली का फूल, मेघवन बीच गुलाबी रंग।

(ii) प्रीति– नदी में पाउँ न बोरयौ।

(iii) सागर के उर पर नाच –नाच करती हैं लहरें मधुर गान।

(iv) भूप सहस दस एकहिं बारा लगे , उठावन टरत न टारा।

(v) उपमा अलंकार का एक उदाहरण लिखिए, जो आपके प्रश्न पत्र में नहीं है।

## <u>खण्ड – स (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)</u>

7. **निम्नलिखित पठित पद्यांशों पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** 5

मुख्य गायक के चट्टान जैसे भारी स्वर का साथ देती
वह आवाज सुंदर कमजोर काँपती हुई थी
वह मुख्य गायक का छोटा भाई है
या उसका शिष्य
या पैदल चलकर सीखने आने वाला दूर का कोई रिश्तेदार
मुख्य गायक की गरज में
वह अपनी गूँज मिलाता आया है प्राचीन काल से

(i) मुख्य गायक के गायन की क्या विशेषता होती है? 1

(अ) उसका स्वर अत्यंत आत्मविश्वास से भरा हुआ होता है।

(ब) उसका स्वर भर्राया हुआ होता है।

(स) उसका गायन रसहीन होता है।

(द) उसका स्वर प्रभावशाली नहीं होता है।

(ii) संगतकार निम्न में से क्या करता है? 1

(अं) संगतकार मुख्य गायक को भटकाता है।

(ब) संगतकार मुख्य गायक को स्वर का बल नहीं देता है।

(स) गायक जब अंतरा गाते हुए लंबी तानों में उलझ जाता है, तब संगतकार उसे स्थायी टेक पर लाता है।

(द) संगतकार मुख्य गायक को उलझा देता है।

(iii) संगतकार की आवाज़ कैसी प्रतीत होती है? सही विकल्प का चयन कीजिए– 1

1. भारी 2. सुंदर 3. कमजोर 4. काँपती हुई

(अ) कथन 1 सही है। (ब) कथन 1 और 2 सही हैं।

(स) कथन 2 और 3 सही हैं। (द) कथन 2, 3 और 4 सही हैं।

(iv) संगतकार कौन है? सही विकल्प का चयन कीजिए– 1

1. मुख्य गायक का मित्र 2. मुख्य गायक का छोटा भाई

3. मुख्य गायक का बड़ा भाई 4. मुख्य गायक का शिष्य

(अं) कथन 1 सही है। (ब) कथन 1 और 3 सही हैं।

(स) कथन 1, 2 और 3 सही हैं। (द) कथन 2 और 4 सही हैं।

(v) कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए– 1

**कथन (A) :** संगतकार का स्वर भारी और प्रभावशाली है।

**कारण (R) :** मुख्य गायक उसे सहारा देता है।

(अं) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(स) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(द) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**8. निर्धारित गद्यपाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25– 30 शब्दों में लिखिए** $3\times2=6$

(i) 'नेताजी का चश्मा' कहानी के आधार पर हालदर साहब के व्यक्तित्व का परिचय लिखिए।

(ii) मेरे मालिक एक सुर बख्श दे। सुर में वह तासीर पैदा कर कि आँखों से सच्चे मोती की तरह अनगढ़ आँसू निकल आएँ। 'नौबत खाने में इबादत' पाठ के आधार पर बिस्मिल्ला खाँ के इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

(iii) भगत जी की पतोहू अपने भाई के साथ वापस क्यों नहीं जाना चाहती थी? उसकी क्या इच्छा थी? 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(iv) लेखिका मन्नू भंडारी ने अपनी माँ की तुलना धरती से क्यों की है ? 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**9. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए** $5\times1=5$

बेटे के क्रिया–कर्म में तूल नहीं किया; पतोहू से ही आग दिलाई उसकी। किंतु ज्योंही श्राद्ध की अवधि पूरी हो गई, पतोहू के भाई को बुलाकर उसके साथ कर दिया, यह आदेश देते हुए कि इसकी दूसरी शादी कर देना। इधर पतोहू रो–रोकर कहती में चली जाऊँगी तो बुढ़ापे में कौन आपके लिए भोजन बनाएगा? बीमार पड़े, तो कौन एक चुल्लू पानी भी देगा? मैं पैर पड़ती हूँ, मुझे अपने चरणों से अलग नहीं कीजिए। लेकिन भगत का निर्णय अटल था। तू जा, नहीं तो मैं ही इस घर को छोड़कर चल दूँगा यह थी उनकी आखिरी दलील और इस दलील के आगे बेचारी की क्या चलती?

(i) 'बेटे के क्रिया–कर्म में तूल नहीं किया।' इस पंक्ति का क्या आशय है? 1

(अ) भगत जी ने बेटे का क्रिया–कर्म नहीं किया।

(ब) भगत जी ने बेटे के क्रिया–कर्म में सामाजिक रूढ़ियों का पालन नहीं किया।

(स) भगत जी ने बेटे की मृत्यु पर ब्राह्मणों को खूब दान–दक्षिणा दिया।

(द) भगत जी ने बेटे का क्रिया–कर्म खूब धूमधाम से संपन्न किया।

(ii) पतोहू द्वारा आग दिलवाना भगत जी के किस गुण को दर्शाता है? सही विकल्प का चयन कीजिए 1

1. वे संकीर्ण विचार के थे। 2. वे अंधविश्वासी थे

3. वे प्रगतिशील विचार के थे। 4. वे धार्मिक प्रवृति के थे।

(अ) कथन 1 और 2 सही हैं। (ब) कथन 2 और 3 सही है।

(स) केवल कथन 3 सही है। (द) कथन 1, 2, 3 और 4 सही हैं।

(iii) भगत जी की पुत्र–वधू ने उनसे क्या प्रार्थना की? 1

(अ) मायके पहुँचाने की (ब) दूसरी शादी कराने की

(स) भगत जी की सेवा करने की (द) आजाद करने की

(iv) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए– 1

कथन (A) : भगत जी अपनी पुत्रवधू को उसके घर भेजना चाहते थे।

कारण (R) : पुत्र की मृत्यु के बाद वे उसे बोझ मानने लगे।

(अ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(स) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(द) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(v) भगत जी अपनी पुत्रवधू की दूसरी शादी क्यों कराना चाहते थे? सही विकल्प का चयन कीजिए– 1

1. वे विधवा को अपने घर रखना अपशकुन मानते थे।

2. वे उससे छुटकारा पाना चाहते थे।

3. वे विधवा विवाह के समर्थक थे।

4. वे सामाजिक रुढ़ियों के खिलाफ थे।

(अं) कथन 1 और 2 सही हैं। (ब) कथन 2 और 3 सही हैं।

(स) कथन 3 और 4 सही हैं। (स) कथन 2, 3 और 4 सही हैं।

**10. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए।** $3 \times 2 = 6$

(i) गोपियों को उद्धव से क्यों कहना पड़ा–'हरि हैं राजनीति पढि आए'। 'सूरदास के पद' के आधार पर उत्तर लिखिए।

(ii) ''सो बिलगाउ बिहाई समाजा। न त मारे जैहहि सब राजा –

परशुराम जी के मुँह से ऐसा सुनकर लक्ष्मण की क्या प्रतिक्रिया रही ?

(iii) 'उत्साह' और 'अट नहीं रही' कविताओं के आधार पर सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जी के प्रकृति चित्रण का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(iv) 'आत्मकथ्य' कविता के माध्यम से कवि जयशंकर प्रसाद जी के व्यक्तित्व की जो झलक मिलती है, वह उनकी ईमानदारी और साहस का प्रमाण है, स्पष्ट कीजिए।

**11. पूरक पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में लिखिए।** $2 \times 4 = 8$

(i) 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर बताइए कि भीतरी विवशता क्या होती है? लेखक श्री अज्ञेय जी ने इसे स्पष्ट करने के लिए किसकी चर्चा की है?

(ii) मनुष्य अपनी सुख–सुविधाओं के लिए प्रकृति को अत्यधिक नुकसान पहुँचा रहा है। इसे रोकने में आपकी क्या भूमिका होनी चाहिए? 'साना साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए।

(iii) अपने बच्चों के प्रति माँ का ममत्व उनके प्रत्येक क्रियाकलाप से झलकता है। 'माता का अँचल' अध्याय में आए भोजन खिलाने वाले प्रसंग का उदाहरण देते हुए इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड 'द'

**12. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : 6**

**(i)** जीवन का कठिन दौर और मानसिक मजबूती

मानसिक दृढ़ता से मुश्किल हालातों का सामना संभव

कठिन हालातों से दो–दो हाथ करने की शक्ति

अनेक संघर्षशील व्यक्तियों के उदाहरण

मानसिक दृढ़ता का संकल्प

**(ii)** यदि मैं वित्त मंत्री होता/होती

वित्त मंत्री की जिम्मेदारियाँ

उनका निर्वाह

सुझाव।

**(iii)** मानव जीवन में त्योहारों की भूमिका

मानव जीवन पर प्रकाश

त्योहारों के प्रकार

उनका महत्व

**13. किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए– 5**

**(i)** प्रातःकाल भ्रमण का महत्त्व बताते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

**अथवा**

**(ii)** (क) अपने क्षेत्र में पेड़–पौधों के अनियंत्रित कटाव को रोकने के लिए जिलाधिकारी को ग्रामवासियो की ओर से लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

**14.** **(i)** आप दुर्गापुर निवासी हेमलता जैन हैं। आँगनबाड़ी में सुपरवाइजर के पद के लिए लगभग 80 शब्दों में स्ववृत तैयार कीजिए। 5

**अथवा**

**(ii)** आपके विद्यालय में पर्यावरण सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पर्यावरण मंत्री को आमंत्रित करने हेतु लगभग 80 शब्दों में ई–मेल लिखिए।

**15.** **(i)** आपके चाचा जी ने रेडीमेड कपड़ों की एक दुकान खोली है। वे प्रचार–प्रसार के लिए स्थानीय समाचार पत्र में उसका विज्ञापन देना चाहते हैं। आप उनके लिए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। 4

**अथवा**

**(ii)** वर्मा अंकल के आने की सूचना देते हुए अपनी माँ को लगभग 40 शब्दों में एक सन्देश लिखिए।

* * * * *

PRINCE ACADEMY

PRINCE ACADEMY